मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-14
05/01/2023

# मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले से 'समाधान यात्रा' का किया शुभारंभ, विकास कार्यों का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

पटना, 05 जनवरी 2023 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले से 'समाधान यात्रा' का शुभारंभ किया। वाल्मीकिनगर अतिथि भवन प्रांगण में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को पुष्प—गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया एवं 'समाधान यात्रा' प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद दिया।

समाधान यात्रा के पहले दिन मुख्यमंत्री ने प्रखंड बगहा— 2 के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत दरुआबारी ग्राम में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने समेकित थरुहट विकास अभिकरण अंतर्गत सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत किट का वितरण किया। दरुआबारी ग्राम में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, नल—जल योजना एवं जल—जीवन—हरियाली योजना अंतर्गत पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। दरुआबारी पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पोखरा में मछली छोड़ा। बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित रमाबाई किशोरी समूह, दरुआबारी के छात्राओं से मिलकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनी और उसके त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कहा कि आप सभी खूब पढ़िए और आगे बढ़िए, यही हमारी इच्छा है।

दरुआबारी गांव भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संगती जीविका महिला ग्राम संगठन, दरुआबारी की दीदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्य जगहों पर जीविका समूह की महिलाओं को जिन कामों से जोड़ा गया है, वैसे कार्यों से यहां के जीविका समूह की दीदियों को भी जोड़िए ताकि इन्हें भी अधिक से अधिक काम मिल सके। कई जगहों पर काफी अच्छा काम हो गया है।

दरुआबारी ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव तक सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु सड़क बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस काम में विलंब नही होनी चाहिए और सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण जरूर करायें। वर्ष 2009 से हमलोग वृक्षारोपण का काम करा रहे हैं। पहले कोई ध्यान नही दे रहा था। पूरे बिहार के पर्यटक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पर्यटक बिहार आएं और यहां के ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों को देखें एवं समझे। उन्होंने कहा कि प्रारंभ से ही हम इस इलाके में आते रहे हैं। यह काफी खास और यूनिक जगह है। हमारा तीन चीजों वन क्षेत्र, पहाड़ और नदी पर शुरू से ही विशेष ध्यान है।

मुख्यमंत्री ने विश्व मानव सेवा आश्रम, नरकटियागंज द्वारा दरुआबारी ग्राम में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विश्व मानव सेवा आश्रम के संस्थापक श्री शत्रुघ्न झा ने बुनकरों द्वारा चरखा से सूत कातने एवं खादी का कपड़ा बनाने के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। आश्रम से जुड़ी बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत में स्वागत गान गाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नई पीढ़ी के लोग गांधी जी को याद रखें हैं, यह बहुत अच्छी बात है। हम हर जगह बापू की चर्चा करते रहते हैं ताकि युवा पीढ़ी के लोगों को गांधी जी के विचारों, उनके कामों एवं बताए मार्गों का ऐहसास हो। आपलोगों से मिलकर और यह जानकर कि आप बापू के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, मुझे काफी खुशी हुई है।

भ्रमण के क्रम में दरुआबारी गाँव के लोगों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का फूल–मालाओं से स्वागत किया।

भ्रमण के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा को लेकर कहा कि हमारा मकसद है कि जिलों में अलग–अलग जगहों पर जाकर देखें कि वहां पर कितना काम हुआ है। जो काम चल रहा है उसमें कितना प्रोग्रेस हुआ है। काम पूरा करने में कोई बाधा तो नहीं आयी है। समय पर काम पूरा हुआ है या नहीं। अगर काम पूरा हो गया है तो आगे और क्या होना चाहिए। इन्हीं सब चीजों को देखने के लिए हम निकले हैं। यहां पर आकर हमने सभी चीजों को देखा है। यहां पर जो काम हुए है उसे देखकर मुझे अच्छा लगा। जो काम अभी पूरा नहीं हुआ है उसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इसे जल्द से जल्द पूरा करायें। गरीब गुरबा लोगों के लिए जो कुछ करना है, वह सब किया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर जाने से सभी चीजों की जानकारी मिल जाती है। अधिकारियों को सभी जगहों पर चल रहे कार्यों को देखना है। अधिकारियों को एक–एक चीज को देखना है उसे रिपोर्ट करना है। एक से डेढ़ महीने के बाद हम सभी अधिकारियों से पूछेंगे कि चल रहे विकास कार्यों का क्या हुआ, कितना प्रोग्रेस हुआ है। हमारे साथ चल रहे अधिकारी एक–एक प्वाइंट को नोट कर रहे हैं ताकि कोई चीज छूटे नहीं। समाधान यात्रा को लेकर की जा रही राजनीति के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसको जो मन में आये वो बोले। हमको इससे कोई लेना–देना नहीं है। हम काफी पहले से घूमते रहे हैं। कोई पहली बार नहीं घूम रहे हैं। पहले भी हम विभिन्न जगहों पर जाकर देखते रहे हैं।

देश की यात्रा करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम बिहार की यात्रा पर हैं। काफी दिनों से हम बिहार में काम करवा रहे हैं। हम चाहते हैं कि अगर कहीं कुछ पेंडिंग काम है तो, उसे पूरा करवा दें। हमें आगे भी विकास का कार्य करना है। समाधान यात्रा के बाद विधानसभा का सत्र है, उसके बाद आगे इन चीजों को देखेंगे।

दरुआबारी गांव भ्रमण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने बगहा नगर परिषद् अंतर्गत पारसनगर में गंडक नदी से हुए कटाव का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ले–आउट मैप के माध्यम से पारसनगर, आनंदनगर एवं शास्त्रीनगर में चल रहे कटावरोधी कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पारसनगर में बांध की ऊंचाई और अधिक बढ़ाने का निर्देश दिया ताकि नदी तट के आसपास रहनेवाले लोग प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि यह काम जल्द से जल्द शुरू करायें। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांध को मजबूत और ऊंचा रखना काफी आवश्यक है। इसके लिए इस्टीमेट बनाकर काम को पूर्ण कराएं।

पारसनगर कटाव स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कटाव स्थल की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। पहले जो बना हुआ था वो पर्याप्त नहीं था इसे हमने देख लिया है, काफी दूरी तक कटाव हो रहा है। यह सब देखते

हुए सब लोगों की सुरक्षा के लिए और ऊंचाई तक इसे लाना होगा ताकि सारे घर के लोग सुरक्षित रहें। यही देखने के लिए हम आए हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह पश्चिम चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री ललित कुमार यादव, सांसद श्री सुनील कुमार, विधायक श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, विधान पार्षद श्री सौरभ कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्री देवेश सेहरा, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री बाला मुरुगन डी0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक चंपारण रेंज श्री प्रणव कुमार प्रवीण, पश्चिम चंपारण के प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा, पुलिस अधीक्षक बगहा श्री किरन कुमार गोरख जाधव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******